प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश में 17 मई को होने वाले नगर निगम चुनावों को लेकर प्रचार अभियान चरम पर–कांग्रेस व भाजपा अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे।
- पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए भरे गए नामांकन पत्रों को वापस लेने का आज अंतिम दिन–आज ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी किए जाएंगे आवंटित।
- केंद्र सरकार ने अग्रिम प्राधिकार योजना के अंतर्गत सोने के आयात पर एक सौ किलोग्राम की सीमा की तय।
- तेल कंपनियों ने पैट्रोल व डीजल की कीमतों में 3 रूपए प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की।
- शिमला शहर में सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी–जिला प्रशासन ने हड़ताल पर जाने पर एस्मा लागू करने के दिए निर्देश।

मुख्यमंत्री

प्रदेश में 17 मई को होने वाले नगर निगम चुनावों को लेकर प्रचार अभियान चरम पर है। नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल धर्मशाला में कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी घोषित किया गया है और यहां अधिक संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है।

अनुराग ठाकुर

इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से निराश हो चुकी है और आने वाले चुनावों में इसका असर साफ दिखाई देगा।

अनुराग ठाकुर ने विश्वास जताया कि आगामी नगर निगम, नगर परिषद और पंचायत चुनावों में भाजपा रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेगी।

नामांकन

पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए भरे गए नामांकन पत्रों का आज नाम वापिस लेने का अंतिम दिन है। आज ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आबंटित किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच में 7 सौ 42 नामांकन रद्द किए गए हैं। अब 85 हजार 4 सौ 62 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रदेश की 3 हज़ार 7 सौ 54 पंचायतों में 31 हजार एक सौ 82 पदों के लिए 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में मतदान होंगे।

विक्रमादित्य सिंह

मंडी नगर निगम चुनाव प्रभारी एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा को विकास से कोई सरोकार नहीं है और उसका एकमात्र उद्देश्य सत्ता हासिल करना है। मंडी शहर के विभिन्न वार्डों में चुनाव प्रचार के दौरान जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले पांच वर्षों तक नगर निगम में सत्ता में रहने के बावजूद शहर के विकास के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया।

वहीं दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया है कि सत्ता का दुरूपयोग कर जनता और जन प्रतिनिधियों को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा जनता कांग्रेस को नगर निगम चुनाव में इसका करारा जवाब देगी।

पेट्रोल–डीजल कीमत बढ़ोतरी

दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के बाद तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की बढोतरी की है। दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 97 रुपये 77 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल की कीमत 90 रुपये 67 पैसे प्रति लीटर हो गई है।

मिंजर मेला/बैठक

चंबा जिला के ऐतिहासिक तथा अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मिंजर मेले की तैयारियां शुरू हो गई है। इस बार ये मेला 26 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने अधिकारियो को निर्देश दिए हैं कि मेले की तैयारियों से संबंधित अपने–अपने दायित्वों का ईमानदारी व गंभीरता से निभाएं।

सोना आयात

केंद्र सरकार ने अग्रिम प्राधिकार योजना के अंतर्गत सोने के आयात पर एक सौ किलोग्राम की सीमा तय कर दी है। यह योजना आभूषण निर्यातकों को शून्य शुल्क पर कच्चे माल का आयात करने की अनुमति देती है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा है कि इस योजना के तहत निर्यातक एक बार में अधिकतम एक सौ किलोग्राम सोना ही बिना किसी शुल्क के मंगवा सकते है। महानिदेशालय ने पहली बार आवेदन करने वालो के लिए विनिर्माण संयंत्रों का भौतिक निरीक्षण अनिवार्य कर दिया है, ताकि उनकी परिचालन स्थिति और क्षमता का पता लगाया जा सके। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय को हर महीने इसकी रिपोर्ट निदेशालय को सौंपनी होगी। इससे पहले, इस योजना के अंतर्गत सोने के आयात पर कोई सीमा नहीं थी।

सफाई कर्मी हड़ताल

शिमला शहर में चल रहे स्वच्छता सर्वेक्षण के बीच सफाई कर्मचारियों ने अपनी लम्बित मांगों और वेतन बढ़ोतरी को लेकर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि वे लम्बे समय से वेतन बढ़ोतरी व समान कानून लागू करने की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। वहीं उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप ने सैहब कर्मचारियों पर हड़ताल पर जाने पर एस्मा लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेंगे।

आईपीएल – क्रिकेट

धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कल आईपीएल मुकाबले में, मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने 8 विकेट पर 200 रन बनाए। 201 रन का लक्ष्य मुंबई इंडियंस ने 6 विकेट और एक गेंद शेष रहते हुए हासिल कर लिया। तिलक वर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। धर्मशाला में आईपीएल सीजन का यह दूसरा मुकाबला था।

एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं फूड लाइसेंस पर बनाई नशीली दवाएं, कंपनी मालिक गिरफतार।

पंचायत चुनाव में शिक्षकों की डयूटी लगाए जाने से प्रभावित होगी पढ़ाई, स्कूलों में एक माह देरी से शुरू होगा सिलेबस दैनिक भास्कर की एक खबर है।

हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है धर्मशाला को पर्यटन व खेल हब के रूप में विकसित करना प्राथमिकता। दैनिक जागरण के शब्द हैं सुक्खू बोले–पीएम की अपील से पहले ही हिमाचल कर रहा बचत।

उच्च अधिकारी से सीधे पत्र व्यवहार करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई पंजाब केसरी की एक खबर है।

नगर निकाय चुनाव का रण चरम पर आज थमेगा प्रचार शीर्षक से दैनिक सवेरा टाइम्स ने लिखा है चार नगर निगमों पर टिकी पूरे हिमाचल की नजर।

मौसम से जुड़ी खबर को हिमाचल दस्तक ने शीर्षक दिया है प्रदेश में आज और कल बारिश का यलो अलर्ट।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में 17 मई को होने वाले नगर निगम चुनावों को लेकर प्रचार अभियान चरम पर–कांग्रेस व भाजपा अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे।
- पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए भरे गए नामांकन पत्रों को वापस लेने का आज अंतिम दिन–आज ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी किए जाएंगे आवंटित।
- केंद्र सरकार ने अग्रिम प्राधिकार योजना के अंतर्गत सोने के आयात पर एक सौ किलोग्राम की सीमा की तय।
- तेल कंपनियों ने पैट्रोल व डीजल की कीमतों में 3 रूपए प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की।
- शिमला शहर में सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी–जिला प्रशासन ने हड़ताल पर जाने पर एस्मा लागू करने के दिए निर्देश।